डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया आश्विनी कृष्ण पक्ष ,अमावस्या-2083 भोपाल,दिन शनिवार,दिनांक 10 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

जीएसटी सुधारों से कारोबार को मिलेगी रफ्तार, व्यापारियों का भरोसा बढ़ेगा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में जीएसटी में किए गए सुधार व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद द्वारा स्वीकृत सुधारों से कर अनुपालन आसान होगा। नियमों संबंधी प्रावधान हटाने, स्वचालित रिफंड और प्रक्रियाओं सरलीकरण से व्यापारियों एवं उद्यमियों का सरकार पर विश्वास मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा। इन सुधारों से देश में व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिले और उद्यमशीलता बढ़ावा मिलेगा।

निश्नात दाधोरे बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रबंधन शाखा के होनहार छात्र निश्नात दाधोरे ने एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। निश्नात ऑल इंडिया रैंक 294 प्राप्त कर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसाद मिलर्ड, प्रति कुलपति डॉ. भारती सालगांवकर, गुरु नवलोकर डॉ. मनोज शुक्ला, कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकर, अधिष्ठाता प्रबंधन डॉ. ब्रिज त्रिपाठी एवं फैकल्टी सदस्यों ने दाधोरे को बधाई दी।

एम्स: सहायक प्रोफेसर पदों के लिए अब 17 अक्टूबर अंतिम तिथि

भोपाल। एम्स भोपाल में संविदा के आधार पर 45 सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सात दिन बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दी गई है। भर्ती सामान्य चिकित्सा, कार्डियोलॉजी, बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी, मेडिकल जेनेटिक्स, पीडियाट्रिक सर्जरी आदि विभागों में होनी है। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित ई-मेल से भेज सकते हैं।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर निःशुल्क तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन

भोपाल। पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में पितरों की आत्मशांति, सद्गति एवं उनके प्रति श्रद्धा अर्पित करने हेतु विशाल स्तर पर निःशुल्क तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता एवं स्मरण का विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से किया संवाद

आगर में 3,800 करोड़ की मैक्केन फूड परियोजना, दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

डीआर संवाददाता»भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगर-मालवा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में सहभागिता की। कृषक कल्याण वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने किसानों से कृषि गतिविधियों, सरकारी योजनाओं के लाभ, नवाचार और उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर-मालवा में 3,800 करोड़ रुपये की लागत से मैक्केन फूड परियोजना शुरू होने जा रही है। इससे करीब दो हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले के लालूखेड़ी में 200 करोड़ रुपये की लागत से आलू प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में आलू की खेती को प्रोत्साहन मिलेगा और किसानों को प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने वर्ष 2027 तक गेहूं को करीब 2,700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदने की बात भी कही।

पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

पशुपालन और प्राकृतिक खेती पर जोर

डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। आगर-मालवा जिले के सालरिया स्थित गो-अभयारण्य और अन्य गौशालाओं में 20 हजार से अधिक गोवंश की देखभाल की जा रही है। सरकार गौशालाओं को प्रति गोवंश प्रतिदिन 40 रुपये की सहायता दे रही है।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन मंडल से प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसानों से भी संवाद किया। इसमें [illegible] के किसान [illegible] पाटीदार और [illegible] के किसान रोहित [illegible] ने उनकी कृषि पद्धतियों और उनसे होने वाले लाभ की जानकारी दी।

हरदा जिला अस्पताल का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तहत हरदा जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। अपना निरामय कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि टीबी मरीजों को पोषण सहायता के लिए फूड बास्केट प्रदान की गई। अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मिले आईएसओ प्रमाणपत्र को भी मुख्यमंत्री ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह को प्रदान किया।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान

मुख्यमंत्री हरदा के सार्थक सेवा वृद्धजन आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया। बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हाल जाना और आश्रम की गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, मुख्यमंत्री सचिव सुदाम खाडे और नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डेयरी में गोकशी का आरोप, तीन पकड़ाए चार संदिग्ध फरार

डीआर संवाददाता»भोपाल।

राजधानी के कोलार क्षेत्र में कलियासोत नदी किनारे संचालित एक डेयरी में कथित गोकशी का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह हिंदू संगठनों के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस के अनुसार, चार अन्य संदिग्ध मोबाइल छोड़कर कार से फरार हो गए।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुन्ना यादव, उसके भाई गब्बर यादव और आसिफ खान के रूप में बताई गई है। परिसर से गोवंश के कटे अंग, खाल, पूंछ, खून के निशान और अन्य अवशेष मिले। तलाशी के दौरान मांस कटर, हड्डियां पीसने वाली ग्राइंडर मशीन और हथियार भी जब्त किए गए। डेयरी में 100 से अधिक भैंसें और 12 बछड़े मिले, जबकि गाय नहीं मिली।

अवैध निर्माण पर कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, डेयरी सरकारी जमीन पर करीब पांच साल से संचालित थी। शुक्रवार दोपहर पुलिस और प्रशासन की टीम ने परिसर को ध्वस्त कर दिया। डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को 11 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल

मुख्य आरोपी मुन्ना यादव के खिलाफ जनवरी 2024 में भी चोरी का मामला दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चार दिन पहले डेयरी में चोरी की वारदात होने की सूचना दी गई थी, हालांकि थाना प्रभारी संजय सोनी ने पूरी सूचना मिलने से इनकार किया है। संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और नगर निगम जोन-18 के संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। अब जांच में यह स्पष्ट होगा कि डेयरी इतने समय तक कैसे संचालित होती रही और इसकी जानकारी नहीं

मध्यप्रदेश में ओबीसी को अब 14 प्रतिशत आरक्षण, 27 प्रतिशत वाला कानून रद्द, हाईकोर्ट ने 2019 के कानून को असंवैधानिक माना

डीआर संवाददाता»भोपाल

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले वर्ष 2019 के कानून को रद्द कर दिया है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कानून को असंवैधानिक ठहराते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण ही मिलेगा। फैसले के बाद सरकारी भर्तियों में आरक्षण और लंबे समय से लंबित पदों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

तीन महीने में पूरी करनी होगी प्रक्रिया

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट ने दस्तावेजों और आंकड़ों के आधार पर फैसला सुनाया है। उनके अनुसार, मामला ओबीसी को आरक्षण देने का नहीं, बल्कि इसे 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के कानून से जुड़ा था। महाधिवक्ता के मुताबिक, अदालत ने सरकारी भर्तियों में रोके गए 13 प्रतिशत पदों को अनारक्षित वर्ग की मेरिट सूची से भरने के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी), कर्मचारी चयन मंडल और अन्य भर्ती एजेंसियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई तीन महीने के भीतर पूरी करनी होगी। इस आदेश का असर उन भर्तियों पर पड़ सकता है, जिनमें आरक्षण संबंधी विवाद के कारण पदों को रोका गया था।

फैसले पर आगे की कार्रवाई की तैयारी

हाईकोर्ट के निर्णय के बाद सरकार और ओबीसी महासभा ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की बात कही है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार फैसले की कानूनी समीक्षा कर आगे की कार्रवाई तय करेगी। इस निर्णय से ओबीसी आरक्षण और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामलों में नया मोड़ आया है। अब सरकार की समीक्षा और संभावित अपील पर सभी की नजरें रहेंगी।

ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले से गरमाई सियासत, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

डीआर संवाददाता»भोपाल

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस फैसले के लिए भाजपा सरकार की कथित कमजोर कानूनी पैरवी को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछड़े वर्ग के युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी कानूनी और राजनीतिक स्तर पर संघर्ष करेगी।

भाजपा पर लगाए आरोप

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनाव के समय ओबीसी के हितों की बात करती है, लेकिन उनके अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि अदालत में सरकार ने मजबूती से अपना पक्ष क्यों नहीं रखा। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने और जरूरत पड़ने पर युवाओं तथा छात्रों के साथ आंदोलन करने के लिए तैयार है।

विधानसभा में मुद्दा उठाएगा विपक्ष

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने फैसले को सरकार की प्रशासनिक और कानूनी विफलता बताया। उन्होंने कहा कि आरक्षण से जुड़े मामलों में सरकार के दावों और अदालत में उसकी पैरवी के बीच अंतर दिखाई देता है। सिंघार ने 87-13 प्रतिशत के फॉर्मूले के कारण चयनित अभ्यर्थियों के लंबे समय से प्रभावित होने का मुद्दा भी उठाया।

भोपाल मेमोरियल अस्पताल की व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग

डीआर संवाददाता»भोपाल

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस के महासचिव अमित शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के उपचार, आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती और महंगी चिकित्सा मशीनों के उपयोग से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

शर्मा ने कहा कि अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इन मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराकर यदि अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

पत्रकार वार्ता में डॉ. अमन चतुर्वेदी को लेकर की गई शिकायतों का भी उल्लेख किया गया। शिकायतकर्ताओं की ओर से आरोप लगाया गया है कि शिकायतों के बाद उन्हें अस्पताल से हटाया गया। इसके अलावा उन पर शराब और नशीले पदार्थों के सेवन की स्थिति में मरीजों का ऑपरेशन करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

कांग्रेस की ओर से इन आरोपों की स्वतंत्र मेडिकल और प्रशासनिक जांच कराने की आवश्यकता बताई गई, ताकि तथ्यों की पुष्टि हो सके और जिम्मेदारी तय की जा सके।

भोपाल में पापड़मलजी एग्रो फूड्स का विस्तार

डीआर संवाददाता»भोपाल

बीकानेर स्थित पापड़मलजी एग्रो फूड्स लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में कारोबार विस्तार की तैयारी तेज कर दी है। कंपनी ने भोपाल में नए वितरण की स्थिति की घोषणा की है। इसके पहले चरण में प्रदेश के करीब 60 आधुनिक खुदरा स्टोर तक अपने उत्पाद पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के डायरेक्टर [illegible] ने कहा कि मध्य प्रदेश में विस्तार से आधुनिक खुदरा बाजार में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

17 दिन में रिफंड, पांच करोड़ रुपये की अभियोजन सीमा और बायोमेट्रिक पंजीयन पर हुआ मंथन

डीआर संवाददाता»भोपाल

भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन की ओर से जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर विशेष स्टडी सर्किल आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता सीए मनीष गर्ग ने जीएसटी से जुड़े पांच प्रमुख सुधारों की जानकारी दी और करदाताओं पर उनके संभावित प्रभावों को समझाया। सीए गर्ग ने बताया कि बैठक में रिफंड प्रक्रिया को तेज करने, अभियोजन संबंधी प्रावधानों में बदलाव, फर्जी खरीदारों के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की सुरक्षा और बायोमेट्रिक पंजीयन जैसे विषयों पर निर्णय लिए गए। चर्चा में 17 दिन में रिफंड, अभियोजन की सीमा पांच करोड़ रुपये करने और गिरफ्तारी संबंधी प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।

कर सलाहकारों ने समझे बदलाव

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र वैद्य ने की। स्टडी सर्किल का उद्देश्य कर सलाहकारों को जीएसटी में हुए बदलावों से अवगत कराना और उनकी व्यावहारिक समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव प्रशांत ठाकुर, कोषाध्यक्ष पवन जोशी, सह सचिव प्रेम बोरठाकर, कार्यकारिणी सदस्य राकेश जैन और संदीप शाह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम सीएम डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हुए शामिल

टीटी नगर स्टेडियम में मानव रंगोली से उकेरा विकसित भारत का संकल्प

डीआर संवाददाता»भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए इस आयोजन में बच्चों ने मानव रंगोली के माध्यम से भारत का नक्शा बनाया। इसके साथ ही भगवान श्रीराम मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विकसित भारत के संकल्प पर आधारित विशाल रंगोलियां भी तैयार की गईं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रंगोलियों का अवलोकन किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने भारत के नक्शे के आकार में बनाई गई मानव रंगोली में शामिल बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद किया। इस दौरान आसमान में रंगीन गुब्बारे भी छोड़े गए।

नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। मध्यप्रदेश भी उनके मार्गदर्शन में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति, परंपरा और रचनात्मकता का प्रतीक है। बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और विकसित भारत की कल्पना को प्रस्तुत किया है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में प्रस्तुत रंगोलियों के माध्यम से बच्चों ने देश के उज्ज्वल भविष्य और विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त किया। आयोजन का उद्देश्य सेवा, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना था।

शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में आंदोलन 20 दिसंबर तक स्थगित

डीआर संवाददाता»भोपाल।

शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में आंदोलन कर रहे अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद अपना आंदोलन 20 दिसंबर तक स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मोर्चा ने स्पष्ट किया कि धरना समाप्त नहीं हुआ है। मांगें पूरी नहीं होने पर 21 दिसंबर से फिर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

राजधानी के नीलम पार्क में 27 सितंबर से चल रहे धरने के 13वें दिन यह निर्णय लिया गया। मोर्चा के पदाधिकारी जगदीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से शिक्षक पात्रता परीक्षा के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। सुप्रीम कोर्ट में दायर क्यूरेटिव याचिका के मामले में भी राज्य सरकार शिक्षकों के पक्ष में अपना मत रखेगी।

वरिष्ठता सहित अन्य मांगें भी रखीं

मोर्चा के अनुसार, मुख्यमंत्री ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने पर भी सहमति जताई है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के साथ भी आंदोलन और शिक्षकों की मांगों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा के आश्वासन के बाद पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया।

शिक्षकों ने तीन प्रमुख मांगों के अलावा कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, सेवाकाल में शिक्षक की मृत्यु होने पर परिवार को 30 मार्च 2021 से प्रभावी परिवार पेंशन योजना का लाभ देने और ई-अटेंडेंस व्यवस्था की विसंगतियां दूर करने की मांग भी रखी।

डीजिटल अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष अमावस्या-2083 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 10 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

उपज मंडी में भावांतर शिकायत कक्ष, कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर। सोयाबीन खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत भावांतर योजना के सुचारू संचालन एवं किसानों और व्यापारियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीहोर कृषि उपज मंडी में प्रवेश द्वार पर कंट्रोल रूम एवं भावांतर शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। मंडी सचिव द्वारा कंट्रोल में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्राप्त शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल रूम में लक्ष्मीनारायण मेहर मोबा. [illegible], कृपेश कुमार मो. नं 9165008040, सतीश बिलाला मोबा. [illegible] और रोहित मकवान मो नं [illegible] की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रधान डाकघर में आज 12 घंटे आधार शिविर

सीहोर। आधार कार्ड बनवाने और उसमें जरूरी बदलाव कराने के लिए प्रधान डाकघर सीहोर में शनिवार 10 अक्टूबर को विशेष आधार शिविर लगेगा। शिविर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। इसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों के नए आधार कार्ड बनेंगे। पुराने आधार कार्ड में जरूरी अपडेट भी होंगे। शिविर में नाम, जन्मतिथि, पता, बायोमेट्रिक विवरण, फोटो में बदलाव की सुविधा रहेगी। प्रथम अपडेशन भी निःशुल्क होगा।

भावांतर शिकायत कक्ष व कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार सोयाबीन खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत भावांतर योजना के सुचारू संचालन एवं किसानों और व्यापारियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीहोर कृषि उपज मंडी में प्रवेश द्वार पर कंट्रोल रूम एवं भावांतर शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। मंडी सचिव द्वारा कंट्रोल में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्राप्त शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

25 लाख के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

सीहोर। विधायक सुदेश राय ने ग्राम बरखेड़ा हसन में पंचम वित्त आयोग के दो, 15वें वित्त आयोग के एक तथा विधायक निधि से निर्मित एक विकास एवं निर्माण कार्य सहित कुल चार कार्यों का लोकार्पण किया। इन सभी निर्माण कार्यों की कुल लागत लगभग 25 लाख रुपये है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार और विकास होगा तथा ग्रामवासियों को लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान कलेक्टर, एसपी सहित विभागों के अधिकारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पटवारी हड़ताल पर

स्वामित्व योजना के दस्तावेजों में पटवारी का नाम दर्ज करने पर विवाद

जिले के 416 पटवारी हड़ताल पर, 265 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बढ़ा विरोध

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

ग्रामीण आबादी की भूमि का मालिकाना हक देने के लिए संचालित स्वामित्व योजना के दस्तावेजों में विक्रेता के कॉलम में मध्यप्रदेश शासन के स्थान पर पटवारी पदनाम दर्ज किए जाने का विवाद बढ़ गया है। इसके विरोध में सीहोर जिले के सभी 416 पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। गुरुवार को पटवारियों ने अपने बस्ते जमा कर दिए। इससे जिले में राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों को जमीन का सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और विभिन्न प्रमाण पत्रों के सत्यापन जैसे कार्यों के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

पटवारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के स्वामित्व को लेकर कई बार पारिवारिक विवाद सामने आते हैं। स्वामित्व योजना के तहत तैयार दस्तावेजों में यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट जाता है और मामला न्यायालय तक पहुंचता है, तो विक्रेता के रूप में पटवारी का नाम दर्ज होने के कारण उन्हें भी कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। इसी आशंका के चलते पटवारी दस्तावेजों में 'पटवारी' के स्थान पर 'मप्र शासन' दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

पटवारियों के विरोध के बीच 265 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। पटवारी इसे प्रशासनिक दबाव से जोड़कर देख रहे हैं। नोटिस जारी होने और मांग पर सहमति नहीं बनने के बाद आंदोलन तेज हो गया है।

जमीन संबंधी कामकाज पर असर

हड़ताल के कारण जमीनों की नाप जोख, सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे की कार्रवाई प्रभावित हुई है। शिविरों में कई ग्रामीण सीमांकन कराने पहुंचे, लेकिन संबंधित हल्का पटवारी नहीं होने से उन्हें वापस लौटना पड़ा। खसरा-खतौनी की नकल, नामांतरण रिपोर्ट और बैंक ऋण के लिए आवश्यक भूमि संबंधी रिपोर्ट तैयार कराने में भी परेशानी आ रही है।

प्रमाण पत्र और किसान योजनाओं का सत्यापन रुका

जाति, निवास और आय प्रमाण पत्रों के लिए आवश्यक राजस्व सत्यापन रिपोर्ट समय पर नहीं मिल पा रही है। इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्य, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े आवेदन प्रभावित होने की आशंका है। फसल गिरदावरी का काम रुकने से फसल बीमा और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मुआवजा प्रक्रिया पर भी असर पड़ सकता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के नए हितग्राहियों के सत्यापन तथा संबंधित कागजी कार्यवाही में भी बाधा आ रही है।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को लौटना पड़ा

[illegible] हल्का में आयोजित मुख्यमंत्री जन विकास अभियान एवं सेवा संकल्प शिविर में पहुंचे ग्रामीण [illegible] और [illegible] ने बताया कि वे अपनी पुश्तैनी जमीन का नक्शा दुरुस्त कराने आए थे। शिविर में पहुंचने पर उन्हें पटवारियों की हड़ताल की जानकारी मिली। संबंधित काम नहीं होने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

हड़ताल लंबी चली तो बढ़ेंगी परेशानियां

पटवारियों की हड़ताल जारी रहने पर किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, कृषि ऋण और मुआवजा संबंधी दस्तावेज तैयार कराने में दिक्कतें आ सकती हैं। जमीनों की खरीद-बिक्री से जुड़ी प्रक्रियाओं में देरी का असर पंजीयन कार्य पर भी पड़ सकता है। फिलहाल पटवारी दस्तावेजों में विक्रेता के कॉलम में 'मप्र शासन' दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं। मान

बिजली चोरी की जांच करने पहुंची टीम पर हमला

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

शहर के कंजर मोहल्ला क्षेत्र में बिजली चोरी की जांच करने पहुंची मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टीम के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि जांच का विरोध करते हुए कुछ लोगों ने कर्मचारियों के साथ हाथापाई की और महिला कर्मचारी का गला दबाने का प्रयास किया। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बिजली चोरी की सूचना मिलने पर कंपनी के जोन-2 की प्रबंधक साधना कनौजी के नेतृत्व में टीम कंजर मोहल्ला क्षेत्र में एक उपभोक्ता के बिजली कनेक्शन की जांच करने पहुंची थी। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोग विरोध करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और कर्मचारियों के साथ अभद्रता व मारपीट शुरू हो गई।

शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने महिला कर्मचारी प्रीति शुक्ला के साथ हाथापाई करते हुए उनका गला दबाने की कोशिश की। वहीं, लाइन हेल्पर राहुल चौहान के साथ मारपीट कर उनका हाथ मरोड़ दिया गया। टीम पर ईंट-पत्थर फेंकने का आरोप भी लगाया गया है। घटना के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

112 पर सूचना देकर बुलाई पुलिस

स्थिति बिगड़ने पर बिजली कंपनी की टीम ने आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रित हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

---

21 गांवों तक फैलेगी सीहोर नगर पालिका की सीमा, 17 हजार मतदाता जुड़ने का अनुमान, 4 से 5 नए वार्ड बनने की संभावना

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

नगर पालिका सीहोर के विस्तार की दिशा में शुक्रवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पालिका परिषद के विशेष सम्मेलन में सीमा वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके तहत 21 गांवों और बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र को नगर पालिका की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे शहर के विस्तार के साथ भविष्य की विकास योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। सीमा विस्तार के बाद सीहोर में करीब 15 से 17 हजार नए मतदाता जुड़ने का अनुमान है।

बढ़ती आबादी और नए क्षेत्रों को देखते हुए भविष्य में 4 से 5 नए वार्ड भी बनाए जा सकते हैं। हालांकि, वार्डों के गठन और सीमा निर्धारण पर अंतिम निर्णय शासन स्तर पर होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सीमा वृद्धि का उद्देश्य शहर का योजनाबद्ध विकास करना और नागरिक सुविधाओं को नए क्षेत्रों तक पहुंचाना है। विस्तार के बाद सड़क, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र के नगर पालिका में शामिल होने से वहां आधारभूत सुविधाओं के विकास को भी नई दिशा मिलने की संभावना है।

इन गांवों को किया जाएगा शामिल

प्रस्ताव में [illegible] खुर्द, जमोनिया तालाब, [illegible], मुरली, गोपालपुरा, अलीपुरा, बिजोरा, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], भगवानपुरा, शाहपुर, कोडिया, [illegible], बिजलोन, [illegible] और बड़ियाखेड़ी सहित 21 गांवों को शामिल किया गया है। इसके साथ बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र भी नगर पालिका की सीमा में आएगा।

विकास योजनाओं को मिलेगा विस्तार

विशेष सम्मेलन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, कार्यपालन यंत्री विजय कोहली, पार्षद और नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सीमा वृद्धि का प्रस्ताव पारित होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया शासन के निर्णय पर निर्भर करेगी। प्रस्ताव लागू होने पर नए क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों की योजना बनाने का रास्ता खुलेगा।

नशे की आशंका पर अल्कोहल टेस्ट कराने के दौरान हंगामा, लोडिंग वाहन जब्त

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

सेकड़ाखेड़ी जोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक लोडिंग वाहन के चालक ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए हंगामा कर दिया। चालक पर शराब के नशे में होने और पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़ने की कोशिश करने का आरोप है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया।

जानकारी के अनुसार, सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ अपनी टीम के साथ सेकड़ाखेड़ी जोड़ पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध लोडिंग वाहन को रोका। चालक के मुंह से शराब की गंध आने पर पुलिस ने अल्कोहल टेस्ट कराने का प्रयास किया। इस पर चालक और उसके साथी बहस करने लगे।

चलती बाइक पर गिरा 11 केवी का तार, आग लगते ही कूदे पिता-पुत्र

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

सीहोर-इछावर मार्ग पर डाबपुलिया के समीप शुक्रवार को चलती बाइक पर 11 केवी हाईटेंशन बिजली का तार टूटकर गिर गया। तार गिरते ही बाइक में आग लग गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाइक सवार पिता-पुत्र ने तुरंत नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में दोनों सुरक्षित बच गए, जबकि बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार, पिता अपने पुत्र के साथ बाइक से इछावर रोड की ओर जा रहे थे। डाबपुलिया के पास पहुंचते ही ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का तार टूटकर उनकी बाइक पर गिर गया। इससे तेज चिंगारी उठी और कुछ ही देर में बाइक आग की चपेट में आ गई। आग की लपटें देखकर पिता-पुत्र ने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक से छलांग लगा दी।

जर्जर तारों को लेकर लोगों में नाराजगी

हादसे के बाद सड़क किनारे बाइक धू-धू कर जलने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक काफी हद तक जल चुकी थी। घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने बिजली के तारों के रखरखाव पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि क्षेत्र में ढीले और जर्जर तारों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। लोगों ने बिजली विभाग से जर्जर तारों को बदलने और घटना की जांच कराने की मांग की है। पीड़ितों ने नुकसान के मुआवजे की मांग भी उठाई है।

समय पर वेतन सहित आठ मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने उठाई आवाज

डीआर संवाददाता»**सीहोर।**

सीहोर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सुजल खातरिया के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर पालिका सीहोर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने राहुल गोयल के समर्थन में 9 अक्टूबर 2026 से प्रस्तावित प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर भी आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय पर वेतन भुगतान सहित उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे भी हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे। इससे आगामी नवरात्र पर्व के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

सफाई कर्मचारियों ने मांग की है कि सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों और ऋण की किस्तों का समय पर भुगतान कर सकें। इसके साथ ही, सभी विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने तथा वर्ष 2007 से 2016 तक के कर्मचारियों को विनियमितीकरण का लाभ देने की मांग उठाई गई है। कर्मचारियों ने आउटसोर्स (ठेका पद्धति) के स्थान पर 30 दिवस के आधार पर कर्मचारियों को रखने और उनका भुगतान नगर पालिका प्रशासन द्वारा किए जाने की मांग की है।

भूतड़ी अमावस्या पर आंवलीघाट और कालियादेव में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

डीआर संवाददाता» **सीहोर**

जिले में धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध आंवलीघाट और कालियादेव भूतड़ी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के प्रमुख केंद्र बन जाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग पवित्र नदियों में स्नान और पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। जहां आंवलीघाट नर्मदा तट पर स्थित धार्मिक स्थल है, वहीं इछावर तहसील के ग्राम नादान के पास लगने वाला कालियादेव मेला जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से देखने का अवसर देता है।

भूतड़ी अमावस्या को लेकर कई लोगों में नाम के कारण भ्रम रहता है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं में इसे नकारात्मक विचारों से मुक्ति और आत्मशुद्धि से जोड़कर देखा जाता है। इस दिन श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा-अर्चना करते हैं।

आंवलीघाट का धार्मिक महत्व

नर्मदा तट पर स्थित आंवलीघाट में नर्मदा और हत्याहरणी हथेड़ नदी का संगम है। मान्यता है कि पांडवों ने वनवास के दौरान यहां कुछ समय बिताया था। भीम द्वारा नर्मदा का प्रवाह रोकने के लिए चट्टानें रखने और माता लक्ष्मी के रथ के पहियों के निशान से जुड़ी किंवदंतियां भी प्रचलित हैं। यहां लक्ष्मी कुंड, ब्रह्म पाश, भावनाथ बाबा की टेकरी, नर्मदा मंदिर, हनुमान मंदिर और राम-जानकी मंदिर सहित कई धार्मिक स्थल हैं।

कालियादेव मेले में जनजातीय परंपराओं का संगम

इछावर तहसील के ग्राम नादान के पास सागौन के घने जंगलों में स्थित कालियादेव अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। यहां सीप नदी पर झरना और उसके नीचे गहरा कुंड है। स्थानीय जनजातीय समुदाय इस कुंड को पाताल लोक का मार्ग मानता है।

भूतड़ी अमावस्या पर यहां पारंपरिक मेले का आयोजन होता है। आसपास के गांवों से महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में पहुंचकर सीप नदी में पूजा-अर्चना करते हैं। यह मेला जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामुदायिक जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक वातावरण इन दोनों स्थलों को विशेष पहचान देता है।

घायल बुजुर्ग की भोपाल में इलाज के दौरान मौत, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

डीआर संवाददाता»**सीहोर।**

जिले के मुस्कुरा गांव में पशुओं के खरीद-बिक्री के कारोबार से जुड़े विवाद में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, भैंस के सौदे में नुकसान होने से नाराज युवक ने सीताराम वर्मा पर हंसिए से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सीताराम की भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से घटना के करीब 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, 6 अक्टूबर की रात सीताराम वर्मा अपने खेत पर बने मकान की दालान में गंभीर घायल अवस्था में मिले थे। उनके सिर, मुंह और शरीर पर चोटों के निशान थे। उन्हें जिला अस्पताल सीहोर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया। हमीदिया अस्पताल और सनशाइन अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घायल अवस्था में सीताराम ने परिजनों को बताया था कि शाम को उनके मोबाइल पर एक नंबर से तीन बार फोन आया था। फोन करने वाला व्यक्ति उनकी लोकेशन पूछ रहा था। मृतक के कथन के अनुसार, उसी व्यक्ति ने हंसिए से हमला किया था।

भैंस के सौदे को लेकर था विवाद

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मृतक और आरोपी के परिवार पशुओं की खरीद-बिक्री के कारोबार से जुड़े थे। पुलिस के अनुसार, भैंस के सौदे में नुकसान होने से आरोपी नाराज था। इसी रंजिश में उसने सीताराम पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

डिजीटल अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरुंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष अमावस्या-2083 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 10 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

सेंट ने आईईएस स्कूल रेड को 5 रन से हराया

सीहोर। शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय खेल-कूद परिसर के क्रिकेट मैदान पर आरएसबाई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। इसमें सेंट मैरी ने आईईएस स्कूल रेड को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में ब्लू वर्ड की टीम ने आईईएस स्कूल ब्लू को 76 रन से हराया। इस मौके पर कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गुरुवार को मैदान पर दो मैच खेले गए। इसमें सेंट मैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए थे। इसमें अखिल ने 81 रन की शानदार पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईएस रेड की टीम 117 रन ही बना सकी। आरएसबाई के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच ब्लू वर्ड और आईईएस ब्लू के मध्य खेला गया। इसमें वर्ड ने 76 से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू वर्ड ने 8 विकेट खोकर 20 ओवर में 133 रन बनाए थे। इसमें आनंद मेवाडा ने 33 रन, आर्यन शर्मा ने 32 और पैरों ने 14 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईएस ब्लू की टीम 57 रन ही बना सकी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत दुग्ध समितियों में किया गया पौधरोपण

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की दुग्ध समितियों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समितियों के परिसर में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संबंधित समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ ही आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है।

नशामुक्ति सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित नशा मुक्ति सप्ताह का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम सीहोर में आयोजित किया गया। । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. सुरेंद्र मेवाडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक संचालक आकाश गोयल, रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल एवं वसुधरा वेलफेयर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, संस्था प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गेंड़ी प्रतियोगिता

सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरे योगदान' कार्यक्रम आयोजित

सीहोर में सैनिकों का सम्मान, शहीद स्मारक पर लगाए 201 पौधे

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरे योगदान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें देश की रक्षा में योगदान देने वाले सैनिकों का सम्मान किया गया। साथ ही शहीद स्मारक परिसर में 201 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान नगर पालिका ने वार्ड क्रमांक 2 की देव नगर कॉलोनी में 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड की जानकारी भी दी।

नगर पालिका सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सैनिकों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सैनिक देश की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में सेवा देते हैं। उनका साहस, त्याग और समर्पण प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। सैनिकों का सम्मान करना राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शहीदों के योगदान को याद रखने के साथ उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना भी जरूरी है।

शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण

सम्मान समारोह के बाद शहीद स्मारक परिसर में 201 पौधे लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य शहीदों की स्मृति को नमन करने के साथ शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। अध्यक्ष ने कहा कि पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी है, ताकि पौधे बड़े होकर स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक बन सकें।

देव नगर कॉलोनी में 32 लाख से बनी सड़क

नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 2 स्थित देव नगर कॉलोनी में 32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। यह सड़क नर्मदा प्रसाद के घर से [illegible] मेवाड़ा के घर होते हुए डॉक्टर साहब के घर तक बनाई गई है। इससे क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

परिषद का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का निराकरण और शहर का व्यवस्थित विकास करना है।

कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, पार्षद सुरेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, नरेंद्र राजपूत, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

नवरात्रि, दशहरा और दीपावली पर शांति बनाए रखने की अपील

डीआर संवाददाता»**सीहोर।**

आगामी नवरात्रि, दशहरा और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम थाना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शाम 5 बजे हुई बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक प्रमुख तथा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजक शामिल हुए।

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, थाना प्रभारी कोतवाली और नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मौजूदगी में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित सदस्यों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव कायम रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और प्रशासन तथा पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। आयोजकों से कहा गया कि कार्यक्रमों के संचालन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

अफवाहों से दूर रहने की अपील

बैठक में उपस्थित सदस्यों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। किसी संदिग्ध गतिविधि या कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। अधिकारियों ने आपसी समन्वय और सहयोग के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की आवश्यकता बताई।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया शुभारंभ, विजयदशमी पर मेला और रावण दहन का होगा आयोजन

डीआर संवाददाता»**आष्टा।**



असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयदशमी पर्व को लेकर नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को नवीन दशहरा मैदान पर पर्व के आयोजन से जुड़े कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

भूमिपूजन समारोह में मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक विधियां संपन्न कराई गईं। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक और पंडित डॉ. दीपेश पाठक ने पूजन कराया। आयोजन का उद्देश्य विजयदशमी पर्व को सामूहिक रूप से मनाने के लिए मैदान में आवश्यक तैयारियां शुरू करना है।

विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, उपाध्यक्ष अध्यक्ष प्रतिनिधि रानू गुगनानी, नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विकास चौरसिया, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू गुजराती और सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह सहित अन्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

समारोह में विभिन्न समाजों के वरिष्ठजन, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, पत्रकार और नगरवासी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान विजयदशमी उत्सव को लेकर उत्साह दिखाई दिया।

समिति की ओर से बताया गया कि विजयादशमी पर नवीन दशहरा मैदान में मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही परंपरा के अनुसार रावण दहन भी होगा। पर्व के दौरान नगरवासी एकत्र होकर उत्सव में शामिल होंगे।

श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम की मिसाल, पंकज कृष्ण महाराज

डीआर संवाददाता»**सीहोर।**

ग्राम लसूडिया परिहार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ समापन हुआ। कथा व्यास पंकज कृष्ण महाराज ने कहा कि सुदामा चरित्र मनुष्य को जीवन की कठिनाइयों का सामना करने और सच्ची मित्रता का महत्व समझने की शिक्षा देता है। भगवान श्रीकृष्ण के पास पहुंचकर भी सुदामा ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा। उनका जीवन निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का उदाहरण है।

महाराज ने कहा कि सच्चा मित्र वही होता है, जो अपने मित्र की परेशानी समझकर बिना कहे उसकी सहायता करे। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से समाज को समानता, प्रेम और सहयोग की सीख मिलती है। आज मित्रता में स्वार्थ बढ़ने से उसके वास्तविक अर्थ में कमी आ रही है। ऐसे में श्रीकृष्ण-सुदामा का प्रसंग अपनापन और निस्वार्थ भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने गृहस्थ जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार में सुख और शांति बनाए रखने के लिए पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य तथा मर्यादा जरूरी है। कठिन परिस्थितियों में दोनों को सूझबूझ से निर्णय लेना चाहिए।

पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता में मारी बाजी

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे नशा मुक्ति सप्ताह के दौरान सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता में आईईएस पब्लिक स्कूल, सीहोर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे जिले में रोशन किया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में [illegible] कक्षा 12वीं ने प्रथम, अंकिता गुप्ता कक्षा 10वीं ने द्वितीय और [illegible] कक्षा 9वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में [illegible] कक्षा 11 ने प्रथम, [illegible] कक्षा [illegible] ने द्वितीय और [illegible] कक्षा [illegible]

नवरात्रि, दशहरा और दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक

डीआर संवाददाता»**आष्टा।**

आगामी नवरात्रि, दशहरा और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शुक्रवार शाम 5 बजे थाना आष्टा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, पुलिस, बिजली विभाग और नगर पालिका से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक प्रमुख तथा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजक शामिल हुए।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र वित्तल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दामोदर गुप्ता, तहसीलदार रामलाल पगारे, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारा कायम रखने को लेकर चर्चा की। बैठक में कहा गया कि त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। आयोजकों से कार्यक्रमों के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को परेशानी न हो।

अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

अधिकारियों ने समिति के सदस्यों और नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास न करें और उसे आगे प्रसारित करने से बचें।

दुर्गा उत्सव में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी सख्त, असामाजिक तत्वों पर नजर

डीआर संवाददाता»**बिलकिसगंज।**

आगामी दुर्गा उत्सव और विजयादशमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में गुरुवार को बिलकिसगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई।

थाना प्रभारी संदीप सिंह मीणा ने कहा कि नौ दिवसीय दुर्गा उत्सव के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में आयोजकों को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील भी की गई।

पंडालों में सुरक्षा के निर्देश

बैठक में गांव के प्रमुख रास्तों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कैमरों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी दुर्गा पंडालों में एक-दो जिम्मेदार व्यक्तियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा पंडालों में बिजली के अधिकृत कनेक्शन लेने और अस्थायी विद्युत व्यवस्था के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा गया। पुलिस की ओर से उत्सव के दौरान निगरानी रखी जाएगी। बैठक का उद्देश्य आपसी सहयोग से त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा।

मंडियों में सोयाबीन के भाव 6,450 रुपये तक पहुंचे, लहसुन 22,400 रुपये क्विंटल बिका

सीहोर, श्यामपुर और नरसिंहगढ़ के भाव जारीः मॉडल भाव में सीहोर आगे, प्याज के दाम भी हुए दर्ज

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

जिले और आसपास की मंडियों में 9 अक्टूबर 2026 को सोयाबीन के भाव 6,450 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे। उपलब्ध भावों के अनुसार श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,450 रुपये रहा। सीहोर में 6,428 रुपये और नरसिंहगढ़ मंडी में अधिकतम भाव 6,400 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं, सीहोर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,330 रुपये रहा।

श्यामपुर में सोयाबीन के सबसे ज्यादा दाम

तीनों मंडियों में सोयाबीन का सबसे अधिक अधिकतम भाव श्यामपुर में दर्ज हुआ। सीहोर मंडी में भी भाव 6,428 रुपये तक पहुंचा, जबकि नरसिंहगढ़ में अधिकतम भाव 6,400 रुपये रहा। किसान अपनी उपज बेचने से पहले मंडी में ताजा भाव की जानकारी ले सकते हैं।

नरसिंहगढ़ में लहसुन 22,400 रुपये तक बिका

लहसुन के भाव में नरसिंहगढ़ मंडी आगे रही, यहां अधिकतम भाव 22,400 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। सीहोर मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 21,000 रुपये रहा। प्याज की बात करें तो सीहोर में अधिकतम भाव 3,552 रुपये और नरसिंहगढ़ में 3,240 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मंडी में उपज के भाव फसल की किस्म, गुणवत्ता और नीलामी के आधार पर बदल सकते हैं। किसानों को उपज बेचने से पहले संबंधित मंडी से ताजा भाव की पुष्टि करने की सलाह दी जाती है।

स्रोतः कृषि उपज मंडी समिति सीहोर, श्यामपुर के उपलब्ध भाव और ई-मंडी नरसिंहगढ़ की 9 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट।

अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान, दो दिन में सुधार का भरोसा

डीआर संवाददाता»**आष्टा।**

लोड शेडिंग के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में किसान कांग्रेस ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर कटौती बंद करने की मांग की। इस दौरान बिजली कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने दो दिन में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि किसान इन दिनों सोयाबीन की कटाई कर रहे हैं। साथ ही खेतों और मेढ़ों की सफाई कर गेहूं की फसल की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे समय बार-बार बिजली कटौती से खेती के काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ने कहा कि पूरे जिले में बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसानों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महेश परमार, ज्योति पटेल, स्वरूप जायसवाल, मुकेश प्रजापति, नासिर खान, प्रदेश महासचिव चेतन सिंह ठाकुर, गगन सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, राजेंद्र सिंह ठाकुर और भेरू सिंह मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्ञापन में कहा गया कि किसान इन दिनों सोयाबीन की कटाई के साथ खेतों की सफाई और गेहूं की बोवनी की तैयारी में जुटे हैंबिजली कटौती पर किसान कांग्रेस का विरोध, दो दिन में सुधार का आश्वासन

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी कृष्ण पक्ष-अमावस्या -2083 विदिशा,शनिवार,दिनांक,19 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

आवेदनों के निराकरण की समीक्षा आज होगी

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों, शिकायतों और मांगों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा शनिवार को की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में होगी। बैठक में विभागवार आवेदनों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और उनके निराकरण के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

शिविर में 14 आवेदन आए, दो बच्चों के नाम राशन कार्ड में जोड़े

विदिशा। विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्धघुमन्तू समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए नटेरन जनपद पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 14 आवेदन प्राप्त हुए। खाद्य विभाग के सहयोग से हरिसिंह कलावत के दो बच्चों के नाम मौके पर ही राशन कार्ड में जोड़ दिए गए। बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने के लिए 10 और विमुक्त जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दो आवेदन मिले। शिविर में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राहत के लिए एमनेस्टी योजना लाने की मांग

विदिशा। विदिशा टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने पुराने टीडीएस प्रकरणों में आ रही समस्याओं के निराकरण और छोटे करदाताओं को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजना लागू करने की मांग की है। इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन आयकर अधिकारी पवन कुमार को सौंपा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए विकास कुमार जैन, सचिव अधिवक्ता मुकेश जैन सहित सीए पार्थ सिंघानिया, विपिन चौरसिया, शरद तिवारी, नितिन सोनी, देवेंद्र परिहार, अतुल गोयल, अंकित नामदेव, अर्पित शर्मा, अभिषेक जैन, दीपक नेमा, मिलोश जैन और राजेश शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता एवं सीए मौजूद रहे।

योजनाओं और विकास कार्यों का लिया जायजा

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को कुरवाई क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बरखेड़ा पठारी, बरोद, पठारी और मालखमोरा सहित विभिन्न गांवों में राशन दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, गौशाला, स्वास्थ्य संस्थाओं और निर्माण कार्यों की स्थिति देखी।

जनविश्वास अभियान के तहत बरखेड़ा पठारी पहुंचे कलेक्टर-एसपी, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

पेयजल, सड़क और राजस्व संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश

स्कूल, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान और गौशाला का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता » कुरवाई।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी कुरवाई तहसील के ग्राम बरखेड़ा पठारी पहुंचे। कलेक्टर पहली बार गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद आयोजित जनसंवाद में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत भवन में आयोजित जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क और राजस्व संबंधी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने और कार्रवाई पूरी होने के बाद प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कुरवाई तहसील की 26 ग्राम पंचायतों में शिविर और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला स्तर के अधिकारी गांवों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलने और सरकारी संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

स्कूल और आंगनबाड़ी का निरीक्षण

जनसंवाद से पहले कलेक्टर ने ग्राम पंचायत, शासकीय उचित मूल्य दुकान, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और गौशाला का निरीक्षण किया। स्कूल और आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों से बातचीत कर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में पूछा और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

एसपी ने साइबर ठगी से बचने की दी सलाह

जनसंवाद के दौरान एसपी रोहित काशवानी ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी अनजान लोगों के साथ साझा न करें। व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से आने वाली संदिग्ध फाइलें डाउनलोड करने से भी बचें, क्योंकि इससे मोबाइल और बैंक खाते की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

एसपी ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है।

---

50 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां मिलीं, 25 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर के आदेश

डीआर संवाददाता » विदिशा।

जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन की जांच में 50 से ज्यादा कॉलोनियां सामने आई हैं। यहां सस्ते प्लॉट के लालच में लोगों ने जमीन खरीदकर मकान बना लिए, लेकिन उन्हें सड़क, पानी और नाली जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं मिल सकीं। अब प्रशासन ने कार्रवाई तेज करते हुए 25 कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इनमें से 18 के खिलाफ मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि करीब 30 कॉलोनियों में रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक लगाई गई है।

कई क्षेत्रों में सामने आए मामले

विदिशा ग्रामीण तहसील के डाबर, तमोरिया, मिर्जापुर, जीवाजीपुर, बिठौरिया गुना, गुलरिया हवेली और सुनपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों के मामले मिले हैं। तमोरिया की नारायण धाम कॉलोनी भी संबंधित मामलों में शामिल है। इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले लोग अब जरूरी सुविधाओं के लिए नगर पालिका और कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रहे हैं।

वैध कॉलोनियों पर भी प्रशासन की नजर'

एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि वैध कॉलोनियों में भी यदि कॉलोनाइजरों ने जरूरी सुविधाएं विकसित नहीं की हैं, तो उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर बंधक प्लॉटों की नीलामी कराई जाएगी। इससे मिलने वाली राशि से कॉलोनी में जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

प्लॉट खरीदने से पहले जांच जरूरी

प्रशासन ने लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता, विकास अनुमति, रजिस्ट्री की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेने की जरूरत बताई है।

ज्वाला देवी मंदिर में नौ दिन प्रज्वलित होंगी 790 अखंड ज्योत

डीआर संवाददाता » विदिशा।

शारदीय नवरात्र को लेकर दुर्गानगर स्थित प्रसिद्ध ज्वाला देवी मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में नौ दिनों तक 790 अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएंगी। इनके लिए 800 क्विंटल तेल और 50 क्विंटल देसी घी की व्यवस्था की गई है।

मंदिर के महंत रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह व्यवस्था की गई है। मंदिर की पहली मंजिल पर बने विशाल हॉल में विशेष रैक लगाए गए हैं, जिनमें पांच-पांच दीपकों की पंक्तियां सजाई गई हैं। अखंड ज्योत की निरंतर देखरेख के लिए 15 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मंदिर में 24 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

27 साल से प्रज्वलित हो रही शिवराज के नाम की ज्योत

मंदिर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम से पिछले 27 वर्षों से अखंड ज्योत प्रज्वलित की जा रही है। वहीं, अमेरिका निवासी नरेंद्र कुमार मंडलोई भी पिछले 30 वर्षों से नियमित रूप से ज्योत जलवाते आ रहे हैं। दुबई, नाइजीरिया सहित अन्य देशों में रहने वाले भारतीय प्रवासी और वरिष्ठ आईएएस-आईपीएस अधिकारी भी यहां अपने नाम से अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं।

गंजबासौदा में 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

'मुखबिर की सूचना पर जालोरी गार्डन के पास पुलिस की कार्रवाई, मादक पदार्थों के कारोबार की जानकारी देने की अपील

डीआर संवाददाता » गंजबासौदा।

शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक, शहर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खोंदा मार्ग स्थित जालोरी गार्डन के पास दो युवक मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं और ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों युवक मोटरसाइकिल से वहां से निकलने लगे, जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया।

तलाशी में मिला मादक पदार्थ

पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों युवकों की तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर मिलने की बात सामने आई। पुलिस दोनों को थाने लेकर पहुंची, जहां उनकी पहचान आकाश रघुवंशी और राधे विश्वकर्मा के रूप में हुई। थाना निरीक्षक संजय बैदिया के अनुसार, मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने लोगों से मांगी जानकारी

शहर थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों को सूचित करें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

आधार और फिंगरप्रिंट से फर्जी सिम, निकालने वाले दो पकड़े

डीआर संवाददाता » गंजबासौदा

ग्राहकों को नई सिम देने के बहाने उनके आधार कार्ड, फोटो और फिंगरप्रिंट लेकर अतिरिक्त सिम जारी करने का मामला सामने आया है। गंजबासौदा पुलिस ने मोबाइल दुकान संचालक परवेज खान और कोहर बाधवात निवासी तरुण नामदेव को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में कई लोगों के नाम पर अतिरिक्त सिम जारी होने की जानकारी मिली है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी वर्ष 2022 से इस गतिविधि में शामिल थे। साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रही संदिग्ध सिम की जांच के दौरान उनके नाम सामने आए। सत्यापन में संबंधित लोगों ने बताया कि उन्होंने केवल एक सिम खरीदी थी।

ऐसे करते थे फर्जीवाड़ा

जांच में पता चला कि आरोपी सिम जारी करने की प्रक्रिया दोबारा करने के बहाने ग्राहकों के बायोमेट्रिक विवरण लेते थे। आरोप है कि इनका इस्तेमाल कर अतिरिक्त सिम निकाले और उन्हें साइबर ठगी में शामिल लोगों को बेच देते थे। सिटी थाना प्रभारी संजय बैदिया के मुताबिक, दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब बेची गई सिम और उनके संभावित साइबर अपराधों में इस्तेमाल की जांच कर रही है।

तीन दिन से लापता बुजुर्ग का नाले में मिला शव

डीआर संवाददाता » सिरोंज

शहर के वार्ड 16 स्थित कटरा मोहल्ले में शुक्रवार सुबह नाले में 67 वर्षीय मोहन सिंह कुशवाह का शव मिला। वे पिछले तीन दिनों से लापता थे। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नगरपालिका कर्मचारियों की मदद से उसे बाहर निकलवाया।

जानकारी के अनुसार, मोहन सिंह अपने दो बेटों के साथ रहते थे। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन जानकारी नहीं मिलने पर बुधवार को सिरोंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को सिरोंज सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मौत का कारण स्पष्ट नहीं

बुजुर्ग की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

बड़ वाले घाट पर हुई घटना, दस्तावेजों से हुई युवक की पहचानय वजह स्पष्ट नहीं

डीआर संवाददाता » विदिशा।

शहर में शुक्रवार दोपहर बेतवा नदी के बड़ वाले घाट पर एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों में हलचल मच गई। मौके पर तैनात होमगार्ड जवानों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे युवक ने नदी में छलांग लगाई। घाट पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड जवान दीपक पाठक और संतोष राय ने बिना देर किए नदी में उतरकर युवक को बाहर निकाला। इसके बाद डायल-112 की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

दस्तावेजों से हुई पहचान

युवक के पास मिले पैन कार्ड, आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान दीपक सेन (28), निवासी टीलाखेड़ी के रूप में हुई। दस्तावेजों में उसके पिता का नाम मुकेश दर्ज है।

कारणों का पता नहीं चला

युवक ने किन परिस्थितियों में नदी में छलांग लगाई, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। होमगार्ड जवानों की तत्परता से युवक को समय रहते नदी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रतियोगिता

वॉलीबॉल के फाइनल में रीवा-नर्मदापुरम के बीच मुकाबला

उज्जैन संभाग ने मल्लखंब में जीते स्वर्ण पदक, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, इंदौर भी जीते

डीआर संवाददाता » विदिशा।

जिला खेल स्टेडियम में स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और मल्लखंब के मुकाबले रोमांचक रहे।

प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने खेल कौशल और शारीरिक संतुलन का प्रदर्शन किया। मल्लखंब अंडर-19 में उज्जैन संभाग ने बालक और

चैंपियनशिप जीतकर अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन विधायक मुकेश टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह और पूर्व क्रीड़ा अधिकारी विनोद चौधरी ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ज्योति ठाकुर, अरविंद राजपूत, सुरेश साहू और अनिल सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

का वॉलीबॉल बालिका वर्ग में उज्जैन ने शहडोल, ग्वालियर ने सागर, रीवा ने जबलपुर और इंदौर ने भोपाल को 2-0 से हराया। बालक उपवर्ग में विभाग ने सागर को 2-0, जबलपुर ने नर्मदापुरम को 2-1, रीवा ने ग्वालियर को 2-0 और

प्रतियोगिता के दौरान गोल करने का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।

सेमीफाइनल के बाद बालिका वर्ग में रीवा और नर्मदापुरम, जबकि बालक वर्ग में विभाग की टीमें फाइनल में पहुंचीं।

मल्लखंब बालक टीम चैंपियनशिप में उज्जैन 24.35 अंकों के साथ पहले, सागर 20.35 अंकों के साथ दूसरे और ग्वालियर 18.20 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में उज्जैन ने 24.05 अंक लेकर पहला, सागर ने 19.70 अंक लेकर दूसरा और जबलपुर ने 11.35 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव ने बताया कि 17 वर्ष आयु वर्ग के वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश

सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी और नकदी बरामद

डीआर संवाददाता » गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 103 ग्राम सोना, 1 किलो 200 ग्राम चांदी और 23 हजार 200 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर को ग्रीन सिटी कॉलोनी निवासी अंकित अग्रवाल के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी संजय बैदिया ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जांच की। मिले सुराग के आधार पर हरदू खेड़ी रेलवे फाटक के पास से जयंत लोधी निवासी जबार, विदिशा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी को जेल भेजा

पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन   आश्विनी कृष्ण पक्ष-अमास्या -2083   राजगढ,दिन गुरुवार,दिनांक 10 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

ध्यानपुर और खमकला गुरुद्वारा की दान पेटी से रूपए चुराए

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ध्यानपुर निवासी हीरा सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरुदास सिक्ख ने गुरुद्वारा की पेटी से नगदी रूपए चोरी कर लिए। इसी प्रकार बेहटा थाने के अंतर्गत ग्राम खमकला निवासी सुखमोहन सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि खमकला के गुरुद्वारे की दान पेटी से अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर रुपए चोरी कर लिए।

20 वर्षीय महिला कीमौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत भुरिया पुत्र नारायण सिंह अहिरवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम उमरी थाना नईसराय की मृत्यु अज्ञात कारणों से इलाज कराने के लिए ले जाते समय रास्ते में हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर नामांतरणकराने का प्रयास किया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक जगदीश पारासर ने राम मोहन पुर में सुनील लोधी और मैयालाल लोधी के द्वारा मृतक तोरण पुत्र बलवंत लोधी निवासी मोहनपुर का फर्जी कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तहसील चंदेरी में बसीयत नामा पेश किया और नामांतरण कराने का प्रयास किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अज्ञात व्यक्ति बाईक चोरी कर ले गया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पंचमनगर कॉलोनी निवासी अभय वाजपेयी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जागेश्वरी मंदिर के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रघुवंशी बोर्डिंग में सुंदर कांड का आयोजन रविवार को

अशोकनगर। सम्मानीय समाजजनों एवं संगठन के पदाधिकारियों को सादर सूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद एवं रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान मे दिनांक 11 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रघुवंशी बोर्डिंग हॉउस अशोकनगर में सुन्दरकांड का आयोजन रखा गया है अतः आप सभी धर्मप्रेमी बंधु एवं सम्मानीय समाजजन विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करें। परिषद की ओर से श्याम सिंह रघुवंशी कन्हेरा, सीताराम दादाजी शाढ़ौरा, सुरेंद्र सिंह रघुवंशी कलवानी, अशोक सिंह

ब्यावरा में पुतला दहन के दौरान भड़की आग, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित दो कार्यकर्ता झुलसे

मतदाता सची से नाम काटने के विरोध में निकाली थीं रैलीय विशाल दांगी को गंभीर

डीआर संवाददाता ।।राजगढ़ ।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शुक्रवार दोपहर एनएसयूआई के प्रदर्शन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला जलाते समय अचानक आग भड़क गई। इसकी चपेट में आने से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमन अरोरा और एनएसयूआई कार्यकर्ता विशाल दांगी झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। अमन का इलाज निजी अस्पताल में किया गया, जबकि विशाल को सीने और पेट में अधिक जलने की चोटों के कारण भोपाल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद प्रदर्शन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, मतदाता सूची से नाम काटने और कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दोपहर पीजी कॉलेज से रैली निकाली। रैली पीपल चौराहे पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग उठाई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला जलाने की तैयारी की।

बताया गया कि पुतले पर पेट्रोल डाला गया और एक कार्यकर्ता ने उसमें आग लगा दी। पेट्रोल के कारण आग की लपटें अचानक तेज हो गईं। पास में मौजूद अमन अरोरा और विशाल दांगी इसकी चपेट में आ गए। दोनों के झुलसते ही वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल उन्हें बचाने का प्रयास किया।

पुलिसकर्मियों ने तत्काल बुझाई आग

पुतला दहन के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पीपल चौराहे पर पुलिस बल तैनात था। आग भड़कने पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिसकर्मी विनोद किरार, धर्मेंद्र रघुवंशी और अन्य जवानों ने अमन अरोरा के कपड़ों में लगी आग बुझाने में मदद की। उनकी शर्ट निकालकर भी राहत पहुंचाई गई। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

अमन अरोरा के गले, हाथ, उंगलियों और कंधे पर जलने की चोटें आई हैं। उनका उपचार शहर के निजी अस्पताल में किया गया। वहीं, विशाल दांगी के सीने और पेट का हिस्सा अधिक झुलसने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें आगे के उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इलाज के लिए पैसे जुटाए और विशाल को भोपाल भिजवाया, जहां उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कर उपचार कराया जाना है।

फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर उपलब्ध फायर ब्रिगेड की मदद से पुतले में लगी आग पर पानी का छिड़काव कर उसे बुझाया गया। प्रदर्शन के दौरान हुए इस हादसे के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आग लगने की घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

करेड़ी गांव में रात की अघोषित बिजली कटौती के विरोध में राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर बैठे ग्रामीण, जेई के आश्वासन पर हटे

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़

करेड़ी गांव में अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार रात राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब 40 से 50 ग्रामीण सड़क पर बैठ गए और बिजली व्यवस्था के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने 'मोहन तेरे राज में, मच्छर खा गए रात में' जैसे नारे लगाए। चक्काजाम के कारण करीब आधे घंटे तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय तीन से चार घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बिजली कटौती का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई।

जेई के आश्वासन के बाद खुला जाम

चक्काजाम की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनके सामने बिजली कटौती की समस्या रखी। जेई ने समस्या के समाधान का भरोसा दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने रात करीब 9 बजे जाम समाप्त कर दिया। प्रदर्शन रात करीब 8:30 बजे शुरू हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि रात में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें बार-बार होने वाली कटौती से राहत मिल सके।

नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल शुरू, सफाई व्यवस्था ठप

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़।

खिलचीपुर में कलोदी सुपर बाजार में आग लगने के बाद नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाने का विवाद अब कर्मचारियों की हड़ताल तक पहुंच गया है। शुक्रवार से अधिकारी-कर्मचारियों ने काम बंद कर नगर पालिका परिसर में टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया। हड़ताल के पहले दिन शहर में सफाई नहीं हुई।

कर्मचारियों का आरोप है कि कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर सरकारी कामकाज बाधित किया गया था। वे संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई होने तक उनका विरोध जारी रहेगा।

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को खिलचीपुर के कलोदी सुपर बाजार में भीषण आग लग गई थी। दुकानदार ने करीब 50 लाख रुपये के नुकसान की बात कही थी। आग बुझाने की व्यवस्था से नाराज लोगों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया था।

रात में बिजली कटौती से नाराज कांग्रेसियों ने एसई कार्यालय के सामने दिया धरना

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़।

ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बार-बार बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधीक्षण यंत्री (एसई) कार्यालय के सामने धरना दिया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तीन दिन में बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की। सुधार नहीं होने पर जिला स्तरीय धरना देने की चेतावनी भी दी।

धरने के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब किसानों की भूख समझ रहा है, जो रात में बिजली काटी जा रही है। उन्होंने कहा कि खेतों में दिनभर काम करने के बाद किसान थककर घर पहुंचते हैं, लेकिन बिजली नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रात में बिजली कटौती से महिलाओं को खाना बनाने में भी दिक्कत होती है।

ग्रामीण जनजीवन हो रहा प्रभावित

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, कांग्रेस पदाधिकारी प्रेम सिंह परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखनवास-सीलखेड़ा रोड पर गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ी मुश्किल से पाया काबू

डीआर संवाददाता ।।लखनवास



लखनवास-सीलखेड़ा रोड पर एक कंबल विक्रेता के कनाते में खाना बनाते समय इंडियन गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि उसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। फिलहाल घटना में किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

किशोरी बालिका दिवस पर स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा की दी जानकारी

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़।

नगर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 9 पर शुक्रवार को सामूहिक किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक निर्मला नोरता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस दौरान बालिकाओं को एनीमिया से बचाव के उपाय बताते हुए संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व को समझाया गया। साथ ही किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि बालिकाएं इस अवस्था को समझकर अपनी सेहत का ध्यान रख सकें।

कार्यक्रम में बालिकाओं को सकारात्मक सोच अपनाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता

लोक कल्याण शिविर में 12 गांवों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

डीआर संवाददाता ।। सारंगपुर।

ग्राम पंचायत बामंदा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया। इसमें मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने 12 गांवों से आए ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और आवेदन सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत और खाद्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की पहल है। सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

पौधारोपण कर संरक्षण का संदेश दिया

कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। शिविर में जनपद सीईओ [illegible] मंडल अध्यक्ष [illegible] सिंह [illegible] सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक नरसिंहगढ़ के मुख्य बाजार से हटेंगे हाथ ठेले, प्रशासन ने तय किए स्थान

आज से नई व्यवस्था लागू, फल-सब्जी और गुड़ विक्रेताओं को अलग-अलग जगह मिलेगी, यातायात सुगम

डीआर संवाददाता ।। नरसिंहगढ़

शहर के मुख्य बाजार में बेतरतीब ढंग से लगने वाले हाथ ठेलों के कारण होने वाली यातायात समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन ने नई व्यवस्था तय की है। शुक्रवार को आयोजित बैठक में हाथ ठेला व्यवसायियों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए। यह व्यवस्था शनिवार से लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन का उद्देश्य बाजार में आवागमन सुगम बनाना और जाम की समस्या कम करना है।

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, फल विक्रेताओं को नेहरू पार्क से सटे फुटपाथ पर जगह दी गई है। सब्जी विक्रेता सब्जी मंडी के अंदर खाली स्थान और लेन मोहल्ले में व्यवसाय कर सकेंगे। वहीं, गुड़ के ठेले लगाने वाले व्यापारियों के लिए नगरपालिका कार्यालय के सामने जगह निर्धारित की गई है। बैठक में विधायक मोहन शर्मा, नगरपालिका सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी गुंजा सोलंकी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सहित व्यापारी मौजूद रहे।

पुराने नपा तिराहे पर सबसे ज्यादा परेशानी

मुख्य बाजार में हाथ ठेलों के कारण खासकर पुराने नगरपालिका तिराहे पर आवागमन प्रभावित होता है। यहां बड़ी संख्या में ठेले लगने से लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी होती है।

पुलिस और नगरपालिका की ओर से पहले भी ठेले हटाने की कार्रवाई की गई, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती थी।

अतिक्रमण और पार्किंग भी चुनौती

बाजार में दुकानों के सामने सामान रखने से अतिक्रमण बढ़ रहा है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क पर वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है। त्योहारों के मद्देनजर बाजार में अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने की मांग भी उठ रही है।

सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि हाथ ठेला व्यवसायियों के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। व्यवस्था की निगरानी की जाएगी और यातायात सुचारु रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

कार की टक्कर से बाइक सवार सड़क से 20 फीट नीचे गिरे, एक की मौत

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़।

खिलचीपुर क्षेत्र में गुरुवार रात गुनावंदी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राहुल खटक (31) की मौत हो गई, जबकि दीपक वाल्मीकि (33) गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद दोनों बाइक समेत सड़क से करीब 20 फीट नीचे जा गिरे। कार चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, दोनों मौसेरे भाई इंदौर से खिलचीपुर अपनी बहन से मिलने जा रहे थे। गुरुवार शाम करीब 5 बजे वे बाइक से रवाना हुए थे। रास्ते में गुनावंदी के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचे

घायल दीपक को होश आने पर वह सड़क तक पहुंचा और राहगीरों से मदद मांगी। एक कार चालक की सहायता से उसने रिश्तेदारों को सूचना दी। परिजन दोनों को रात करीब 12 बजे खिलचीपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। दीपक के एक हाथ और एक पैर में फ्रैक्चर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया गया।

कार चालक की तलाश जारी

राहुल के शव का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। खिलचीपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार कार चालक की पहचान करने में जुटी है।